

## नगर परिषद् शाहपुर में नारी शक्ति वंदन सम्मलेन का आयोजन हुवा

शाहपुर। नगर परिषद् शाहपुर में मानण् प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन पंचायत से पलियामेंट तक, निर्णय में नारी,नव भारत की तैयारी सम्मलेन का आयोजन किया गया एवं मानण् प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव उपस्थित अध्यक्षए उपाध्यक्ष,परिषद् पदाधिकारी एवं नारी शक्ति, शिक्षिका,डॉक्टर,आंगनवाडी कार्यकर्त्ता.सहायिका,स्वसहायता समूह की महिला द्वारा देखा एवं सुना । यह कार्यक्रम महिलाओं के सम्मानए सशक्तिकरण और उनके योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेंद्र तिवारी द्वारा उपस्थित नारी शक्ति को भारत देश में नारी के कार्यो,अधिकारो,सम्मान, योगदान, और सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किये ! इस तरह के सम्मेलनों में आमतौर पर महिलाओं को उनके सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं और अधिकारों की जानकारी दी जाती है। स्वावलंबन, शिक्षा और स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाई जाती है। सम्मलेन में स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूह को प्रोत्साहन दिया गया । ऐसे आयोजन समाज में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने और उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी गोपाल चौधरी, पार्षद श्रीमती प्रमिलाबाई विनोद चौधरी,श्रीमती दीपाली मुकेश बुनगाल, श्री अशोक सीताराम निकम,श्री किशोर देशमुख,श्री जब्बार खा,श्री कैलाश असेरकर, शेख साकिर शेख हाजी, शेख ताजुद्दीन शेख युसूफ श्री पवन बडोले, नवनियुक्त एल्डरमेन श्री राजाराम अटोलकर, श्री रमेश चोपड़े, श्री प्रकाश महेश्री, श्री रवि जैन अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री वीरेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री गोपाल चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि श्री विजय दौड़े, श्री विनोद चौधरी, श्री पंकज राउत, श्री मुकेश बुनगाल, श्री विष्णु महाजन, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र शाहपुर की महिला डॉक्टर, स्टॉप, सांदीपनी विधालय की शिक्षिकाए, आंगनवाडी कार्यकर्त्ता सहायिका, स्वसहायता समूह से नारी शक्ति, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान, वरिष्ट लिपिक श्री जगन्नाथ महाजन, श्रीमती प्रतिभा काले, श्रीमती भारती महाजनए श्री इश्वर वरखेडे, अभिषेक जवरे, राजू महाजन, नगर परिषद् के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे!

## खंडवा में आयोजित पंचकल्याणक में अमेरिका, इंदौर और खिड़किया से भी प्रतिष्ठित होने आई हैं प्रतिमाएं

खंडवा। जैन धर्म में एक बड़े धार्मिक अनुष्ठान के रूप में पंचकल्याणक महोत्सव बड़े स्तर पर आयोजित होते हैं 5 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में मुनि संघ के सानिध्य में एवं प्रतिष्ठाचार्य के मार्गदर्शन एवं धार्मिक क्रियायो के माध्यम से पाषाण एवं अष्टधातु की प्रतिमाएं परमात्मा का रूप लेती है। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि संगमरमर एवं अष्टधातु की है प्रतिमाए राजस्थान एवं जयपुर से ऑर्डर पर निर्मित होकर बनवा जाती है जिसमें काफी समय लगता है। हर्ष का विषय है कि मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज के ससंध सानिध्य में खंडवा में चल रहे हैं पंचकल्याणक महोत्सव में बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर की पांच प्रतिमाओं के साथ जैन समाज ऑफ कोलोराडो डेनवर अमेरिका जैन मंदिर के लिए पार्श्वनाथ, मूनीसूव्रत एवं महावीर भगवान की प्रतिमाएं खंडवा में प्रतिष्ठित होने के लिए आई हुई है। साथ ही इंदौर जैन समाज के मंदिरों की चार जीन प्रतिमाएं एवं खिडकिया जैन मंदिर से मुनीसुव्रत नाथ भगवान की प्रतिमा भी पंचकल्याणक में प्रतिष्ठित होने खंडवा पहुंची है, विधि विधान के साथ यह प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हो रही है।

## सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब का बुरहानपुर आगमनय सैयदी अब्दुल कादिर हकीमुद्दीन के उर्स में होंगे शामिल



बुरहानपुर। दुनिया भर के दाऊदी बोहरा समुदाय के 53वें धर्मगुरुए परमपूज्य सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन, 12 अप्रैल को रात 8.30 बजे मुंबई से बुरहानपुर पहुंचे। स्टेशन पर एकत्रित हजारों समुदाय के सदस्यों ने उनका आत्मीय भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया इस दौरान सैय्यादना साहब का दीदार होते ही मौला मौला की गूंज से स्टेशन महक उठा। मौला मौला की गूंज से स्टेशन महक उठाः-दाऊदी बोहरा जमात च्व् कमेटी कोऑडिनेटर तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने जानकारी देते हुए बातया की। सैयदना सैफुद्दीन साहब अपने पूर्वज, सैयदी अब्दुल कादिर हकीमुद्दीन साहब की पुण्यतिथि मनाने के लिए बुरहानपुर मे आये है सैय्यादन साहब बुरहानपुर दरगाह ए हकीमी स्तिथ हकीमी मस्जिद में मंगलवार को प्रवचन देंगें। इस अवसर पर मध्य प्रदेश और भारत के अन्य हिस्सों से हजारों बोहरा समुदाय के सदस्य शहर में मौजूद रहेंगे। सैयदी अब्दुल कादिर हकीमुद्दीन का जन्म 1665 में 34वें धर्मगुरु सैयदना बदरुद्दीन बिन मुल्ला राज के काल में हुआ था। वे साहित्य के प्रेमी और एक महान लेखक थे,जिन्होंने उर्दू, संस्कृत, फारसी और अरबी में पुस्तकों की रचना की थी। अपनी धर्मपरायणता, विनम्रता और अत्यंत विद्वत्ता के लिए प्रसिद्धए सैयदी अब्दुल कादिर हकीमुद्दीन का जीवन और विरासत दुनिया भर के हजारों दाऊदी बोहरा सदस्यों को प्रेरित करती है।

## अखंड भूमंडलाचार्य महाप्रभु श्रीमद् वल्लभाचार्यजी का प्राक्ट्योत्सव

बुरहानपुर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री पुष्टिमार्ग संप्रदाय के संस्थापक . प्रवर्तक . अखंड भूमंडलाचार्य . जगतगुरु . महाप्रभु श्रीमद् वल्लभाचार्यजी का प्राक्ट्योत्सव प्रातः स्मरणीय श्री 108 श्री शिशिरकुमारजी महाराजश्री के आशीर्वाद से श्री सकलपंच वीसालाड समाज के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रकांत श्रोफ की अध्यक्षता में धूमधाम से आज मनाया जायेगा। प्रतापपुरा स्थित श्री पुष्टिमार्गीय हवेली श्री लाडलेशजी मंदिर से श्री गादीजी की पधरामणी नागझिरी स्थित श्री गणपतिजी की बाडी में होगी । इस मंगलमय प्रसंग पर समाज की बहनो द्वारा सर्वोत्तम पाठ . सत्संग . भजन कार्यक्रम के पश्चात् आरती होगी। श्री महाप्रभुजी के 549 वें प्राकोट्योत्सव पर समाज के सभी वैष्णवजन सह श्री महिला मंडल की अध्यक्षा उषा श्रोफ ए श्री लाड क्षेत्रीय परिषद् के अध्यक्ष गोरधन श्रोफ, समाज के पूर्व अध्यक्ष रमणलाल बजाज , कोषाध्यक्ष राजेन्द्र खादीवाला , वरिष्ठ सदस्य सतीशचंद्र गुप्ता उपस्थित रहेगे । धार्मिक समिति के सदस्य राजेश श्रोफ एवं समाज की श्री कृष्ण युथ ओर्गेनाईजेशन के सदस्य कार्यक्रम की व्यवस्था मे देख रहें हैं। समस्त जानकारी समाज के सक्रिय सचिव भरत श्रोफ ने दी।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा-चिटनिस

**बुरहानपुर। नारी शक्ति के सशक्तिकरण की दिशा में आज बुरहानपुर के परमानंद गोविन्दजीवाला ऑडिटोरियम में एक भव्य एवं प्रेरणादायक आयोजन संपन्न हुआए जिसमें ष्नारी शक्ति वंदन सम्मेलनष् का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों बहनों ने सहभागिता करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम ने नारी शक्ति के संकल्प को और अधिक सशक्त रूप प्रदान किया। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिलए महापौर माधुरी अतुल पटेलए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉण् मनोज मानेए नगर निगमाध्यक्ष श्रीमती अनिता यादवए जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनाली पाटिलए उपाध्यक्ष आशा पाटिलए खकनार जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती निलेश चौकसेए चिंतामन महाजनए ईश्वर चौहानए संजय जाधव सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में मातृशक्ति की गरिमामयी सहभागिता ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में महिला नेतृत्व वाले विकास को देश की प्रगति का आधार बताते हुए महिलाओं की भूमिका को निर्णायक बताया। उनके विचारों ने उपस्थित मातृशक्ति में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा। यह अधिनियम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। आजादी के बाद से महिलाओं को देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में आरक्षण दिए जाने की मांग समय.समय पर की जाती रही हैए लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी आरक्षण दिलाने का प्रयास नहीं किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाकर देश की आधी आबादी के प्रति भाजपा के सम्मान और दृढ़ इच्छा शक्ति को प्रदर्शित किया है।

**देश ऐतिहासिक निर्णय का साक्षी बनने जा रहा है**–भाजपा की प्रदेश प्रवक्ताए पूर्व मंत्री व विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि नारी शक्ति वंदन कानून के रूप में हम सभी एक ऐसे ऐतिहासिक निर्णय का साक्षी बनने जा रहे हैंए जिसमें देश का भाग्य बदलने की क्षमता होती है। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार थाए वो सपना अब साकार हो रहा है। ये पूरे देश के लिए बहुत ही खास समय तो है हीए साथ ही यह मातृशक्ति के लिए भी अविस्मरणीय क्षण है। नारी शक्ति वंदन अधिनियमष् केवल एक कानून नहींए बल्कि सदियों से प्रतीक्षित उस सामाजिक न्याय की प्रतिज्ञा हैए जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धरातल पर उतारा है। यह विधेयक महिलाओं को केवल वोट बैंक समझने वाली मानसिकता को ध्वस्त कर उन्हें नीति.निर्धारण और नेतृत्वकारी भूमिका में बैठाने का ऐतिहासिक काम करेगा। ष्नारी शक्ति वंदन अधिनियमष् स्वतंत्र भारत के इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय हैए जो हमारी माताओं.बहनों को याचक से नायक की भूमिका में स्थापित करेगा। सालों से संसद की दहलीज पर खड़ी भारत की बेटियों का इंतजार अब खत्म हुआ हैए क्योंकि यह अधिनियम उन्हें वह राजनीतिक सामर्थ्य दे रहा हैए जहां वे स्वयं अपने और देश के भविष्य का फैसला करेंगी। नए संसद भवन के उद्घाटन के बाद आयोजित पहले सत्र की शुरुआत ही ऐतिहासिक ष्नारी शक्ति वंदन अधिनियम से हुई थी यानी लोकतंत्र के नए मंदिर का पहला ऐतिहासिक कदम ही भारत की मातृशक्ति को समर्पित रहा। यह इस बात का उद्घोष है कि नया भारत अब अपनी बेटियों के नेतृत्व में आगे बढ़ेगा। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उस गारंटी का प्रमाण हैए जिसने दशकों से राजनीति के हाशिये पर खड़ी भारत की बेटियों को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का संवैधानिक अधिकार देकर उन्हें राष्ट्र का भाग्यविधाता बना दिया है। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ताए पूर्व मंत्री व विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला कानून महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा। स्वतंत्रता के आंदोलन में महिलाओं ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई है। देश की स्वाधीनता के बाद मातृशक्ति ने जो सपने देखे थेए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी उन सपनों को साकार कर रहे हैं। आजादी के बाद देश में वर्षों तक शासन करने वाली कांग्रेस ने नारी शक्ति के सम्मान व अधिकार देने के लिए कोई कार्य नहीं किया। नारी शक्ति वंदन कानून बनाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश की आधी आबादी की मन की बात को पूरा कर दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की संसद में वर्ष 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित किया गया था। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद वर्ष 2023 में यह कानून बन गया था। प्रधानमंत्री जी ने अगली जनगणना और उसके बाद पूर्ण परिसीमन के बाद नारी शक्ति वंदन कानून को लागू करने का निर्णय लिया था। लेकिन कोविड के कारण जनगणना में हुई देरी से यह नहीं हो सका। महिलाओं को आरक्षण दिलाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ निश्चय और प्रतिबद्धता ही है कि इस कानून को लागू कराने के लिए 16ए 17 एवं 18 अप्रैल को देश की संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है।

**आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में महती भूमिका निभाएगा महिला आरक्षण कानून**–भाजपा की प्रदेश प्रवक्ताए पूर्व मंत्री व विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश बहुत तेज गति से हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री जी भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। महिलाओं को आरक्षण देने वाला ष्नारी शक्ति वंदनष् कानून लागू होने के बाद देश की आधी आबादी को उसका पूरा हक मिल जाएगा। महिला आरक्षण लागू होने के बाद महिलाएं और संवेदनशीलताए जिम्मेदारी के साथ देश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर सकेंगी। महिला आरक्षण कानून देश को आत्मनिर्भर बनाने के सपने को साकार करने में महिता भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं फाइटर प्लेन तक उड़ा रही हैं। देश की प्रधानमंत्री महिला रह चुकी हैं। कई राज्यों में मुख्यमंत्रीए राज्यपाल के साथ वर्तमान में देश की राष्ट्रपति भी जब महिला है तो संसद में महिलाओं के प्रतिनिधत्व को बढ़ाने में कांग्रेस को क्यों आपत्ति थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से महिलाओं को अपमानित करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार नगरीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण पहले से प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में मध्यप्रदेश में महिलाओं को भले 50 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा हैए लेकिन नगर निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 54 प्रतिशत है। अब देश की संसद और राज्यों के विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा तो महिलाएं देश को आत्मनिर्भर बनाने में अभूतपूर्व योगदान देने में पीछे नहीं रहेंगी।

# सक्षम जिला इकाई खण्डवा ने की प्रांतीय कार्ययोजना बैठक में की सक्रिय सहभागिता

**खण्डवा।समदृष्टि,क्षमता, विकास ,अनुसंधान मण्डल सक्षम मालवा प्रान्त की वार्षिक कार्य योजना बैठक देवास में सम्पन्न हुई।जानकारी देते हुए सक्षम मालवा जिला इकाई खण्डवा के अध्यक्ष नारायण बाहेती ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष सन्तोष साबू सचिव गोविंद नागर ,कार्यक्रम संयोजक व सह सचिव हर्ष शर्मा के नेतृत्व में आयोजित प्रान्त स्तरीय बैठक में मालवा प्रान्त की सभी जिला इकाई के मुख्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।खण्डवा जिला इकाई के नारायण बाहेती, रविन्द्र चौहान ,विजय बिल्लोरे व रोहित पटेल ने सहभागिता की।**



कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की प्रार्थना 'हम सेवक मानवता के ,सेवा ही धर्म हमारा है, दिव्यांगों की सेवा करना निश्चित कर्म हमारा है के सामूहिक गान से हुई। बैठक में वर्ष 2025 -26 में अध्यक्ष नारायण बाहेती, सचिव सुरेंद्रसिंह सोलंकी ,कोषाध्यक्ष राजीव शर्मा योगेश कोटवाले, रविन्द्र चौहान, राजीव मालवीय, आशा उपाध्याय, अनिल बाहेती, उज्ज्वला मुंदड़ा,आशीष पारे, रोहित पटेल,विजय बिल्लोरे, डॉ सोमिल जैन, प्रहलाद तिरोले,सुनील जैन,गांधी प्रसाद गदले, डॉ राधेश्याम पटेल,घनश्याम वाधवा, मदनलाल चौधरी विवेक पाटीदार व सदस्यों के द्वारा किये गए कार्यो की जानकारी प्रस्तुत की गई। प्रांतीय पदाधिकारियों ने दिव्यांग सेवा के साथ ही संस्था द्वारा नेत्रदान व देहदान के क्षेत्र में किये गए कार्यों को सराहनीय ही नही अपितु वंदनीय कार्य बताया।नारायण बाहेती ने नेत्रदान व देहदान की विस्तृत जानकारी से सदन को अवगत कराया।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व विभाग प्रचारक व संत कृष्णगोपाल दास व विभाग प्रचारक अजय गुप्ता ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में सेवा,संवेदन शीलता एवम सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष संतोष साबू व सचिव गोविंद नागर ने वर्ष 2026-27 के कार्य योजना की जानकारी देते हुए सतत दिव्यांग सेवा के साथ स्थापना दिवस,सूरदास जयन्ति, अष्टवक्र जयन्ति,नेत्रदान पखवाड़े, प्रान्त व जिला अधिवेशन,दिव्यांग मित्र बनाने, दिव्यांगों के साथ विभिन्न त्योहार व उत्सव को मनाने की रूपरेखा साझा की। हर्ष शर्मा ने कार्यकर्ता व गोविंद नागर ने संगठन के महत्व विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।नारायण बाहेती ने बताया की शीघ्र ही जिला इकाई का विस्तार कर अधिक से अधिक लोगो को सेवा कार्य से जोड़ा जाएगा। आयोजन में सक्षम जिला इकाई देवास का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## श्वेता सिंह ने हिंदुस्तानी साहित्य के खज़ाने से निकाले गए व्यंग्य और हास्य से विद्यार्थियों का मन मोह लिया

बुरहानपुर। मेक्रो विजन् एकेडमी बुरहानपुर के अनहद आनंद ऑडिटोरियम में एकल नाटक ह्यूमरबाज स्टैंड.अप कॉमेडियन रहमान खान के साथ श्वेता सिंह ने हिंदुस्तानी साहित्य के खज़ाने से निकाले गए व्यंग्य और हास्य का संकलन से सभी विद्यार्थियों का मन मोह लिया। साहित्य और कविता का एक समृद्ध मिश्रण, जिसमें कहानी और स्टैंडअप कॉमेडी का तड़का देखने को मिला। रहमान खान अपनी अनूठी शैली और सामाजिक मुद्दों पर सटीक कटाक्ष के लिए जाने जाते हैं। बुरहानपुर में स्थित मेक्रो विजन् एकेडमी के आवासीय विद्यार्थियों और कॉमेडी प्रेमियों के बीच इस शो को लेकर भारी उत्साह देखा गया। एकेडमी के फाउंडर और चैयरमैन श्री आनंद प्रकाश चौकसे जी के अनुसार, एकेडमी में इस स्तर के स्टैंड.अप कॉमेडी शो का उद्देश्य मनोरंजन के साथ.साथ विद्याथियों को एक नई कला विधा से रूबरू कराना है क्योंकि रहमान खान ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से मेक्रो विजन् एकेडमी के आवासीय विद्यार्थियों से रूबरू होने के लिए अपनी उत्सुकता जाहिर की थी। उन्होंने स्कूल के दर्शकों को सबसे अच्छा जीम बताया क्योंकि वे बिना किसी फिल्टर के खुलकर ठहाके लगाते हैं।

# स्वच्छता जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया महापौर ने डोर टू डोर वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया



बुरहानपुर। स्वच्छता स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत नगर निगम बुरहानपुर द्वारा कचरा वाहनो के माध्यम से रैली का आयोजन किया गया जिसे महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेलएनिगम अध्यक्ष श्रीमती अनिता अमर यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर वाहन रैली को रवाना किया गया यह रैली निगम से निकली जो मुख्य व्यवसायिक क्षेत्र से निकाली गई इस रैली में नागरिको को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक की पन्नी के जगह पर कपड़े की थैली का उपयोग करने एवं गीला.सूखा, घलेरू सेनेटरी, घलेरू हानिकारक कचरे को अलग.अलग चार बिन में रखकर कचरा वाहन में अलग.अलग डालने, सफाई मित्र सुरक्षा नो थू.थू से नो टू रेड स्पॉट एवं स्वच्छता के संदेश दिया गया। निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने कहा कि बुरहानपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता स्वाभिमान और स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नागरिकों को गीला.सूखा कचरा अलग करने, सिंगल.यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना है। नगर निगम शहर वासियों को घर.घर जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं और कचरे से खाद बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है,जिसमें सफाई मित्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य ;स्वच्छता स्वाभिमान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रैलियों, नुक्कड़ नाटकों और बैनर.पोस्टर के माध्यम से आमजन को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया जा रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से नगर निगम का लक्ष्य स्वच्छ सर्वेक्षण में सुधार करना और शहरों को कचरा मुक्त बनाना है।

## आशा भोसले जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले की प्रतिष्ठित शासकीय मान्यता प्राप्त सोसायटी द्वारा स्वर संग्रानी 'आशा भोसले जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था द्वारा आयोजित साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में आशा भोसले जी का आकस्मित निधन होने पर दुःख व्यक्त किया गयाएइस अवसर पर संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी के अध्यक्ष विलास गोसावी ने उन को मौन रख कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर संगीत साधना संस्था के उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी,सैयद शकील मुन्ना भाई, वरिष्ठ सदस्य दिलीप जोशी, पूनमचंद पांडे, मधुकर वाघले, ठाकुर वीरेंद्र सिंह चित्रकार,प्रदीप जोशी,कैलाश चानदोलकर, प्रशांत पांवड़े, जितेंद्र भावसार,नीलेश महाजन, डॉक्टर प्रकाश पाटिल,ईश्वर महाजन, जयश्री चंदोलकर, जिकेश मगरे,शैलेन्द्र कपूर,अधिवक्ता,किशोर असवार अधिवक्ता वकील ,सुदामा इंगले,भास्कर चालसे सनी आदमनें, सतीश कटियार के अलावा कई सदस्य उपस्थित थे।

## कर्मचारी महासंघ द्वारा पत्रकार राकेश पूर्वे का सम्मान

बुरहानपुर। इंदौर समाचार के पत्रकार, जिला संवाददाता मेरे छोटे भाई राकेश पूर्वे जी का आज कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित के नेतृत्व में स्वागत किया गया श्री राकेश जी को इंदौर समाचार द्वारा । कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली के लिए कंपनी द्वारा कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए एरोप्लेन के माध्यम से भेजा गया था यह हमारे पत्रकार जगत एवं बुरहानपुर के लिए बहुत गौरव की बात है इस अवसर पर उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया स्वागत किया गया ।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को मिला ऐतिहासिक सम्मान

## प्रधानमंत्री के लाइव उद्बोधन को एक साथ देखा और सुना

बुरहानपुर। संसद के विशेष सत्र 16,17 और 18 अप्रैल में प्रस्तुत होने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित महिला सम्मेलन से लाइव संबोधन दिया। इस अवसर पर बुरहानपुर के परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिए पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटीलए जिला अध्यक्ष डॉण् मनोज मानेए विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीसए महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेलए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयश्री ज्ञानेश्वर पाटीलए महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती किरण रायकवार सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने प्रधानमंत्री के लाइव उद्बोधन को एक साथ देखा और सुना।



इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने अपने ओजस्वी और विस्तृत संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि देश में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में जो ऐतिहासिक पहल आज दिखाई दे रही हैए वह प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधेयक नहींए बल्कि देश की आधी आबादी को उनका हक, सम्मान और निर्णय लेने की भागीदारी दिलाने वाला क्रांतिकारी कदम है। **पीएम मोदी जी के नेतृत्व में देश में एक नया युग प्रारंभ हुआ**–सांसद पाटील ने कहा कि वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण पहल को साकार करने का कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सदैव महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी हैकृचाहे उज्ज्वला योजना, मातृत्व सुरक्षा या अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं होंकृहर क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने का निरंतर प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश में एक नया युग प्रारंभ हुआ है, जिसमें महिलाएं केवल लाभार्थी नहींए बल्कि राष्ट्र निर्माण और नीति निर्धारण में सक्रिय भागीदार बन रही हैं। सांसद ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक अधिनियम की जानकारी घर.घर तक पहुंचाएं और समाज में जागरूकता फैलाएंए ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें।